**क्षेत्रीय कार्यालय कोटा**

क्षेका/ कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग/2025-26/ 581 दिनांक : **18.11.2025**

**विषय : संविदा आधार पर एफ एल सी सी, कोटा प्रभारी की नियुक्ति**

**हमारा बैंक एफ एल सी सी कोटा प्रभारी हेतु आवेदन आंमत्रित करता है.**

**इस हेतु निम्न प्रावधान रखे गए है -**

**1 आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव ( दिनांक** 31.10.2025 **को )**

| क्र | पद का नाम | आयु 31.10.2025को | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव एवं अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एफ एल सी सी निदेशक/काउंसलर | अच्छे स्वास्थ्य के साथ आयु 45 वर्ष से अधिक और 65 वर्ष से कम होना चाहिए | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता** - 1.यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से स्नातक 2.कम्प्युटर साक्षर होना चाहिए,एमएसऑफिस,इंटरनेट,स्थानीय भाषा का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए। 3.स्थानीय भाषा मे उत्कृष्ठ संचार कौशल आवश्यक है<br><br>**1.किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के स्केल 1 अधिकारी के पद से सेवानिवृत /वीआरएस प्राप्त अधिकारी(**SBI **और** RRBs) **को प्राथमिकता दी जाएगी** ***अथवा*** **2.भूतपूर्व सैनिक/ बैंक के अलावा अन्य कर्मचारी(जैसे सरकारी स्कूल शिक्षक आदि) जिनके पास बैंकिंग और वित्तीय सेवाओ का ज्ञान हो और प्रासंगिक** IIBF **प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा किया हो।** | अनिवार्य : **आवेदक पूर्व नियोक्ता के यहाँ बेदाग सेवानिवृत हुआ हो तथा पूर्व नियोक्ता से संतोषजानक सेवा प्रमाण पत्र प्राप्त किया हुआ हो।** **आवेदक को अधिकारी अथवा स्थानीय कर्मचारी के रूप मे 10 साल का अनुभव होना चाहिए।**<br><br>**आवेदक उसी राज्य का निवासी होना चाहिए, अधिमानत: उसी या आस पास के जिले का होना चाहिए।** |

आवेदक को संविदा आधार पर संतोषजनक कार्य निष्पादन केआधार पर एक वर्ष हेतु नियुक्त किया जावेगा. एक वर्ष बाद सदस्य की सेवाओं का रिन्यूवल पूणर्तया बैंक के तत्कालीन नियमों, नीतियों के आधार पर बैंक के विशेषाधिकार (Sole discretion) पर किया जा सकता है .

**2 संविदा राशि एवं अन्य यात्रा खर्चे :** आवेदक के सेवानिवृति के दौरान अंतिम पे एवं भत्तों में से कम्यूटेशन से पूर्व निर्धारित पेंशन राशि कम करते हुए जो राशि आती है या 25000/-, इन दोनों में से जो कम हो संविदा राशि के रूप में मासिक अदा किये जा सकेंगे. इसके अलावा चयनित आवेदक को रूपये 1000/- प्रतिमाह मोबाईल, कन्वेंस के रूप में अलग से अदा किये जावेंगे. अंतिम पे एवं भत्तों में से कम्यूटेशन से पूर्व निर्धारित पेंशन राशि की धारणा केवल उन्हीं मामलों में की जा सकेगी, जिन्होने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से पेंशन विकल्प के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे है. जिन आवेदकों ने पेंशन विकल्प नहीं लिया हुआ हो और पेंशन नहीं ले रहे हो उनके मामलों में केवल संविदा राशि मासिक 25000/- रूपये एवं रूपये 1000/- मोबाईल एवं कन्वेंस के दिये जा सकेंगें. किसी भी आवेदक को अन्य कोई अतिरिक्त लाभ, चार्जेज, खर्चे आदि देय नहीं होंगे.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

## क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

आवेदक को पद की आवश्यकता अनुसार यात्रा के टी ए/डीए का भुगतान बैंक के नियमानुसार किया जा सकेगा.

**3 अवकाश :** आवेदक को प्रति वर्ष 15 दिन, प्रतिमाह अधिकतम 02 दिन, का अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा.

**4 जॉब प्रोफाईल :** आवेदक एफ एल सी सी के डाईरेक्टर/काउंसलर के रूप में कार्य करेंगे तथा एफ एल सी सी से संबंधित समस्त कार्य सम्पन्न करेंगे.

**5 चुनाव प्रक्रिया :** योग्य आवेदक/कों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जावेगा. आवेदक के चयन का निर्णय पूर्णतया बैंक के निर्णय अनुसार होगा, जिसे कहीं विवाद का विषय नहीं बनाया जा सकेगा.

**6 आवेदन की प्रस्तुति** : अर्हता प्राप्त आवेदक अनेक्जर-ए में दिए गए फार्मेट में आवेदन पत्र भरें एक लिफाफे में आवेदन रखकर लिफाफे के उपर "Application for the post of Recruitment as Director/Counselor for FLCC on contract" लिखकर निम्न पते पर प्रेषित कर सकते है – क्षेत्रीय प्रबन्धक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, होटल एयरलाइन्स बिल्डिंग,
एम बी एस अस्पताल के सामने, नयापुरा कोटा,324001

**7)आवेदन फीस :आवेदन फीस निशुल्क रखी गई है.**

8) **सामान्य अनुदेश**: केवल वही सदस्य आवेदन प्रस्तुत करें जो उपरोक्त अनुसार आवेदन की अर्हताएं रखते हों. साथ ही आवेदन में सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतया सहीं एवं स्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए. यदि बाद में यह पाया जाता है कि आवेदक निर्धारित अर्हताएं पूर्ण नहीं करता था और आवेदक द्वारा गलत जानकारी एवं सूचनाओं के आधार पर पद हासिल किया गया है तो ऐसी परिस्थिति में उसकी नियुक्ति तुरंत प्रभाव से बिना किसी नोटिस के रदद मानी जोवगी एवं बैंक सदस्य के विरूदध उचित कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगा.

ब) किसी योग्य मामले में किसी भी अर्हता हेतु बैंक प्रबन्धन रियायत प्रदान कर सकता है. बैंक प्रबन्धन को यह अधिकार होगा कि वह उपरोक्त विज्ञापित पद को भरने या न भरने हेतु स्वतंत्र होगा.

स) विदित हो कि केवल विज्ञापन के आधार पर आवेदन की शर्ते पूर्ण करने, एवं तदनुसार आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से किसी भी आवेदक को साक्षात्कार हेतु बुलावे का अधिकार प्रदान नहीं करता है.

**9. आवेदन की अंतिम तिथी** : आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी **10.12.2025** रखी गई है, अंतिम तिथी तक आवेदन वर्णित पते पर पहुंच जाने चाहिए अन्यथा संबंधित आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा.

गौरव त्यागी
क्षेत्रीय प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
क्षेत्रीय प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा